**दिल्ली सरकार**, रा.रा.क्षे.दिल्ली

**कार्यालय महानिदेशक ( कारागार ) : दिल्ली**

**कारागार मुख्यालय : नियर लाजवंती गार्डन चौक, जनक पुरी : नई दिल्ली -64**

| | | |
|---|---|---|
| **अपीलकर्ता** | : | बंदी हितेन्द्र उर्फ दीपक पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह |
| **आर.टी.आई कम्र संख्या** | : | 10329-जी दिनांक 04/07/2022 |
| **अपील कम्र संख्या** | : | 68 दिनांक 16/08/2022 |

आर.टी.आई. आवेदन, जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार संख्या-14 और प्रथम अपील का अवलोकन किया। अपील के माध्यम से अपीलकर्ता ने प्रश्न सूचना संख्या- 1, 4, 5, 6 व 7 से 10 तक प्रदान की गई सूचनाओं पर आपत्ति दर्ज की है।

फाइल पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से पता चलता है कि जन सूचना अधिकारी, कारागार संख्या- 14 द्वारा प्रश्न संख्या 1 व 7 से 10 तक प्रदान की गई सूचना संतोषजनक है।

यद्यपि, प्रश्न संख्या- 4 में मांगी गई सूचना प्रदान करने से जन सूचना अधिकारी के स्रोत अननुपाती रूप से विचलित होने की संभावना है जबकि आर.टी.आई अधिनियम 2005 की धारा 7(9) के अनुसार *"किसी सूचना को साधरणतया उसी प्रारूप में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें उसे मांगा गया है, जब तक की वह लोक अधिकारी के स्रोतों को अननुपाती रूप से विचलित न करता हो या प्रश्नगत अभिलेख की सुरक्षा या संरक्षण के प्रतिकूल न हा"*।

अतः प्रश्न संख्या- 4 के लिए जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-14 को सिर्फ अपीलकर्ता से संबधित सूचना प्रदान कर देनी चाहिए।

इसके अलावा प्रश्न संख्या- 5 व 6 में जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई जानकारी उचित प्रतीत नहीं हों रही है। हालांकि, मांगी गई सूचना दिल्ली कारागार नियम, 2018 के नियम संख्याः 300 में प्रदर्शित है।

अतः जन सूचना अधिकारी, कारागार संख्या-14 इस आदेश की प्राप्ति के सात दिन के अन्दर अपीलकर्ता को प्रश्न संख्या- 5 व 6 के लिए नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराये।

तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है।

यदि अपीलकर्ता आदेश से संतुष्ट नहीं है, तो वह 90 दिनों के भीतर माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबागंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067 के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

22/8

**उप महानिरिक्षक कारागार ( तिहाड़ )/**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

**बंदी हितेन्द्र उर्फ दीपक पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह**
**वर्तमान पताः- कारागार संख्या-14, मंडोली,**
**दिल्ली-110093**

F10(3476489)/ID-**10329-G**/CJ/Legal/2022/5296/4963-64 Dated: 22/08/22

**आवश्यक सूचना/कार्यवाही के लिए प्रतिलिपिः-**

जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार संख्या-14, मंडोली, दिल्ली-110093.